पेज नं. 02

02 पत्रिका
जबलपुर, बुधवार, 12 अगस्त 2026

पत्रिका 12 अगस्त 2026

**पर्यावरण : पत्रिका हरित प्रदेश अभियान के अंतर्गत मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में हुआ आयोजन, पौधों का महत्व बताया**

# पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पत्रिका हरित प्रदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


मानकुंवर बाई कॉलेज में हुए कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी एवं शिक्षक।

**जबलपुर.** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पत्रिका के हरित प्रदेश अभियान के अंतर्गत स्वशासी मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने के साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.सुनीता मिश्रा, डॉ. ज्योत्सना झरिया, डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, एनएसएस अधिकारी डॉ. दीपिका चक्रवर्ती, डॉ. अरुणा, आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद थीं। पौधरोपण के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पौधों की नियमित देखभाल के साथ साथ उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना था।

## पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका

**कार्यक्रम** में डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की देखभाल और उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी उतना ही जरूरी है। डॉ. अरुणा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण में पेड़-पौधों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बढ़ता प्रदूषण, घटती हरियाली और बदलता जलवायु संतुलन आज गंभीर चुनौती है। ऐसे में युवा पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान छात्रा सेजल जैन, साक्षी झरिया ने अन्य लोगों को भी प्रेरित करने की बात कही। इस दौरान पूनम पटेल, सुषमा, रिंकी विश्वकर्मा, अंशिता सोनी, निधि पटेल, गुंजन उइके, टीना रुडेरे, आयुषी जैन, मुस्कान रजक, कंचन सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

दिनांक 12/08/2026
पत्रिका 12 अगस्त -